Title: Regarding seizure of the currency notes worth Rs. One crore in the Mumbai and anti-India activities of Inter Services Intelligence (ISI) of Pakistan.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराष्ट्र) : अध्यक्ष महोदय, देश में आई.एस.आई. की हलचल बहुत तेजी से बढ़ रही है। महाराष्ट्र में भी आई.एस.आई. के बहुत से लोग उनके एजेण्ट के रूप में घूम रहे हैं। हिन्दुस्तान में वे जातीय दंगे, दंगे-फसाद आदि करके और इकोनोमिक कंडीशन बिगाड़कर इस देश के वातावरण को खराब करने का उनका कार्य शुरू हुआ है। परसों ही मुम्बई में एक करोड़ 22 लाख रुपये के बनावटी, जाली नोट पुलिस ने जब्त किये हैं। वे जाली नोट दुबई से दाऊद गेंग के माध्यम से हिन्दुस्तान के कई इलाकों में, जैसे बिहार, गुजरात, आन्ध्र प्रदेश, मुम्बई महाराष्ट्र में भी जाली नोटों का डिस्ट्रीब्यूशन का काम कई दिन से चालू था। जितने भी लोग पकड़े गये, उनका मुम्बई के जोगेश्वरी में एक अड्डा था। उन्होंने उसको केन्द्र बनाया हुआ था। मैं यह कहना चाहता हूं, यहां वित्त मंत्री जी भी बैठे हैं, दिल्ली में भी 500 रुपये का नोट लोग लेते नहीं हैं, इस कारण से कि कहीं यह जाली नोट, डुप्लीकेट नोट तो नहीं है। ऐसा लगता है कि यह सब आई.एस.आई. का, पाकिस्तानवादियों का हिन्दुस्तान में एक षड्यन्त्र करके देश में एक बहुत बड़ी इकोनोमिक कंडीशन बिगाड़कर और जातीय दंगे भड़काने का कार्य कर रहे हैं। दूसरे मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि महाराष्ट्र के शोलापुर जिले में एक चर्च को उड़ाने का बहुत बड़ा प्रयास किया। एक बहुत बड़ा बम वहां चर्चा के पास रखा गया था, वह एक बॉडी में मिला। वहां एक आदमी को पुलिस ने पकड़ा, वह दाऊद और आई.एस.आई. का एजेण्ट बताया गया था। पकड़े गये आदमी के पास से ऐसे पोस्टर भी मिले, जिनमें लिखा था कि यह कार्य बजरंग दल ने किया है। देश में जहां-जहां भी चर्च के ऊपर हमले हो रहे हैं, ये हमले आई.एस.आई. के एजेण्ट करवा रहे हैं और नाम हिन्दुत्व संगठनों का हो रहा है, जैसे बजरंग दल, आर.एस.एस. और शिव सेना। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि होम मिनिस्टर को, मंत्री महोदय को दखल देकर यह कार्रवाई जो महाराष्ट्र और बाकी इधर के प्रान्तों में हो रही है, उसके बारे में एक बहुत बड़ा संज्ञान लेना चाहिए और इसके ऊपर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। इसके लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं।

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : फाइनेंस मिनिस्टर यहां बैठे हुए हैं, हम उनसे जानना चाहता हैं कि कितने जाली नोट आज हिन्दुस्तान में आये हुए हैं। लोग इससे डर गये हैं। हम फाइनेंस मिनिस्टर से अपेक्षा करते हैं, आप उन्हें स्टेटमेंट करने के लिए कह दीजिए। इससे पूरा कारोबार बिगड़ा जा रहा है। हमारे माननीय सदस्य चन्द्रकांत जी ने जो कहा है, मैं उसका समर्थन कर रहा हूं।â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मिनिस्टर रेडीमेड जवाब नहीं दे सकते।

श्री मोहन रावले : वहां कारोबार करना मुश्किल हो रहा है।

श्री चन्द्रकांत खैरे : वहां 1 करोड़ 22 लाख रुपए के जाली नोट पकड़े गए हैं।